जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-25 | जयपुर, सोमवार, 20 जून, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

# विश्व रक्तदाता दिवस पर राज्य स्तरीय रक्तदान अधिवेशन एवं रक्तदाता सम्मान समारोह हुआ आयोजित

## 500 से अधिक रक्तदान शिविर आयोजित कर 60 हज़ार यूनिट रक्तदान करवाया जा चुका है

### रक्तकोष फ़ाउंडेशन के संस्थापक डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी, आईएएस ने 78 वीं बार किया रक्तदान





**जयपुर (हमारा वतन)** रक्तकोष फाउंडेशन द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर पिंक सिटी प्रेस क्लब, जयपुर में राजस्थान राज्य स्तरीय रक्तदान अधिवेशन एवं रक्तदाता सम्मान समारोह-2022 आयोजित हुआ जिसमें राज्यभर से रक्तकोष फ़ाउंडेशन के पदाधिकारियों और सक्रिय रक्तदाताओं ने प्रतिनिधित्व करते हुए सहभागिता की। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक और रक्तकोष फ़ाउंडेशन के संस्थापक डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी आईएएस ने कहा कि रक्तदान एक सर्वश्रेष्ठ और पुनीत कार्य है जिसके माध्यम से रक्तदाता निस्स्वार्थ भाव से जरूरतमंद मरीज़ों को नया जीवन देते हैं। विश्व रक्तदाता दिवस 2022 की थीम यह है कि रक्तदान करना एकजुटता का कार्य है। इस प्रयास में शामिल हों और जीवन बचायें। रक्तकोष फ़ाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल विश्नोई, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज सुथार, राष्ट्रीय महासचिव ताराचंद शर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नितिशा शर्मा, राष्ट्रीय संयोजक डॉ अनिल मर्मिट और ब्लड सेल के राज्य नोडल अधिकारी डॉ गिरीश द्विवेदी व राज्य समन्वयक मनीष चौधरी ने सभी ज़िला स्तरीय पदाधिकारियों और राज्य भर से आए रक्तदाताओं से रक्तदान के महत्व और प्रोत्साहन हेतु विचार-विमर्श किया।रक्तकोष फ़ाउंडेशन द्वारा विगत चार वर्षों में 500 से अधिक रक्तदान शिविर आयोजित करके 60 हज़ार यूनिट रक्तदान करवाया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग की रक्त वाहिनी में आईएएस डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने 78वीं बार रक्तदान किया। उनके साथ कई अन्य युवाओं ने भी रक्तदान किया। समारोह में झालावाड़ निवासी प्रीतिमा पुलक, गिनीज़ बुक वर्ड रिकोर्डधारी सौरभ सोनी, भारजा (सिरोही) निवासी जितेंद्र परिहार, हितेश कुमार, शाहपुरा (जयपुर) निवासी मुकेश शर्मा, धोरिमन्ना (बाड़मेर) निवासी श्रीराम ढाका ने रक्तदान आधारित गीतों की सुंदर प्रस्तुति दी।

**श्रीगंगानगर ज़िला रक्तदान में शीर्ष पर**

रक्तकोष फ़ाउंडेशन द्वारा विगत चार वर्षों में राज्य में सर्वाधिक रक्तदान करने पर ज़िला शाखा श्रीगंगानगर को प्रथम, झालावाड़ को द्वितीय और हनुमानगढ़ को तृतीय स्थान के सम्मान से नवाज़ा गया।

**तीन रक्तवीरों को कार्ल लैंडस्टिनर अवार्ड**

रक्तकोष फ़ाउंडेशन द्वारा रक्तदान के लिए सराहनीय कार्य करने पर बारां ज़िलाध्यक्ष नंदलाल केसरी, श्रीगंगानगर ज़िलाध्यक्ष रविंद्र बिश्नोई तथा सिरोही ज़िला संयोजक जितेंद्र परिहार को कार्ल लैंडस्टिनर रक्तदान अवार्ड-2022 से नवाज़ा गया।

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित**

रक्तकोष फ़ाउंडेशन द्वारा राज्यभर में रक्तदान के प्रति जागरूकता का संचार करने हेतु राजस्थान राज्य स्तरीय रक्तदान आधारित पोस्टर पेंटिंग, स्लोगन, निबंध और क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें राजस्थान के 31 ज़िलों के 455 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। पोस्टर पेंटिंग में अभिनव जालोर प्रथम, रिया गुप्ता भरतपुर द्वितीय एवं मोहम्मद फ़रहान भीलवाड़ा तृतीय स्थान पर रहे। स्लोगन प्रतियोगिता में देवेंद्र राज़ जालोर प्रथम, रविराज सिंह राठौड़ चितौड़गढ़ द्वितीय एवं उषा वर्मा वेदना जयपुर तृतीय स्थान पर रहें। निबंध प्रतियोगिता में रश्मि नामदेव कोटा प्रथम, उमाराम कलबी ज़ालोर द्वितीय एवं डॉ रूपा व्यास चितौड़गढ़ तृतीय स्थान पर रहें। क्विज़ प्रतियोगिता में मुकेश कटारिया नागौर प्रथम, नितिन गुप्ता झालावाड़ द्वितीय एवं रश्मि नामदेव कोटा तृतीय स्थान पर रहें। समारोह में विजेताओं को सम्मानित किया गया।



# ग्रीष्म कालीन अवकाश के दौरान किया जा रहा समर केंप का आयोजन

**जालोर (हमारा वतन)** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रामदेव कॉलोनी जालौर में राजस्थान पुस्तकालय संवर्धन परियोजना के अंतर्गत सेंटर फॉर माइक्रो फाइनेंस-टाटाट्रस्ट की सहयोगी संस्था और प्राथमिक शिक्षा परिषद जयपुर व समग्र शिक्षा के संयुक्त तत्वावधान मे ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान समर केंप 23 मई से 25 जून 2022 तक आयोजन किया जा रहा है । इसमें रचनात्मक, सृजनात्मक, कलात्मक कौशलों को विकसित करने के साथ-साथ पुस्तकालय की किताबों से विभिन्न पुस्तकालय की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सेंटर फॉर माइक्रो फाइनेंस की संस्था प्रतिनिधि तुलसी देवी और प्रधानाध्यापक मोहन साझा प्रयास से लाइब्रेरी में प्राइमरी के बच्चों को कविता, खेल, गीत,कहानी,आधारित पोस्टर बनाना,चित्र बनाना आदि गुर बालक बालिकाओं को सिखाया जा रहे हैं। समर केंप के दौरान अभिभावक व समुदाय की सक्रिय सहयोग व भागीदारी भी देखते ही बन रही हैं और उनकी तरफ से रोजाना बच्चों को अल्पाहार दिया जाता हैं जिसमें बिस्कुट नमकीन के साथ चाकलेट भी दी जाती हैं। भारतीय मानवाधिकार न्याय सुरक्षा परिषद राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष अजय चौहान ने बच्चों को चॉकलेट वितरण की गई उनके साथ कानाराम चौहान मौजूद रहे।

# डागर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे राजभवन घेराव में



**जयपुर (हमारा वतन)** सिविल लाईन्स फाटक पर केन्द्र की भाजपा सरकार की दमनकारी नितिंयो व लोकतांत्रिक मूल्यों पर किये गये प्रहार के खिलाफ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित व प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की अगुवाई में राजभवन के घेराव कार्यक्रम में उप जिला प्रमुख जयपुर मोहन डागर के नेतृत्व में आमेर विधानसभा से सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे। डागर ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को ईडी का नोटिस देने व कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पिछले तीन दिनों से लगातार ईडी कार्यालय में बुलाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर झुठे आरोपों में फसाने की कुचेषटा के विरोध में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राजभवन का घेराव किया है।

इस अवसर पर गोविन्दपुरा सरपंच पवन कुमार बुनकर उप सरपंच रघुवीर सिंह किसान नेता शंकर बधाला रामपाल निठारवाल गुलाब हरितवाल बनवारी जाट नरेन्द्र कुमार चौधरी, निजी सहायक उप जिला प्रमुख जयपुर शिवराज उदय सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

# राजस्थान स्टेट एग्रो इंडस्ट्री डेवलपमेंट बोर्ड के सदस्य लल्लूराम सैनी ने किया पदभार ग्रहण



**जयपुर (हमारा वतन)** राजस्थान सरकार द्वारा ग्राम कालाडेरा निवासी कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष लल्लूराम सैनी को राजस्थान स्टेट एग्रो इंडस्ट्री डेवलपमेंट बोर्ड का सदस्य बनने पर कृषि पंत भवन में आईएएस अधिकारी कृषि आयुक्त कानाराम ने पद ग्रहण करवाया। लल्लू राम सैनी ने ज्वाइन करने के बाद कहा की राजस्थान सरकार की एग्रो इंडस्ट्री की योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुँचाने का प्रयास किया जायेगा ।




लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर

क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !



सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी

निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

नि:संतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

संपर्क - 9636247286, 9928747286

फ्री परामर्श

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# चौमूं का इतिहास

गतांक से आगे.....



**भाग 8**

एक आक्रांता था रजा बहादुर उसने गढ़ पर गोले बरसाए लेकिन चौमूं के मजबूत गढ़ का बाल भी बांका नहीं हो सका । जयपुर का दीवान संघी झूथा राम सेना लेकर चौमूं पर हमला करने आया था लेकिन उसको भी मुंह की खानी पड़ी। राजा कर्ण सिंह ने कांगड़ा की युद्ध में कुर्बानी दी । रघुनाथ सिंह ने आमेर नरेश विशन सिंह के साथ वीरता दिखाई । जोध सिंह ने मराठों के युद्ध में भाग लिया । सन 1769 में जब मराठों ने रणथंभौर दुर्ग पर चढ़ाई की तब जोध सिंह ने काकोड के युद्ध में लड़ते हुए वीरगति पाई । जोध सिंह का 16 वर्ष का बेटा कुंवर राम सिंह भी इस लड़ाई में वीरगति को प्राप्त हुआ था । रतन सिंह ने दिसंबर 1767 में मावड़ा मंडोली युद्ध में भाग लिया। रतन सिंह की बसवा सैनिक अभियान के दौरान दौसा के पास लड़ते हुए मृत्यु हो गई थी । रतन सिंह के लड़के रणजीत सिंह ने तुंगा के युद्ध में भाग लिया । 1799 में फतेहपुर आई जॉर्ज थॉमस की सेना का रणजीत सिंह ने डटकर मुकाबला किया और लड़ते हुए अपनी कुर्बानी दे दी थी । राजा कृष्ण सिंह ने टोरडी की लड़ाई में मराठों को बुरी तरह हराया था । सुख सिंह एवं मोहन सिंह ने चौमूं का बहुत ज्यादा विकास करवाया। चौमूं के पास 27 गांव से और साढे साठ हजार का पट्टा था।



प्रिंस कुमार उप्पल
(मुद्राशास्त्री)
निदेशालय,पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग-जयपुर

शेष अगले अंक में

# यूनिवर्सिटी आफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट द्वारा सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**जयपुर (हमारा वतन)** यूनिवर्सिटी आफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में एनईपी-2020 के आलोक में समग्र विकास और परिणाम आधारित शिक्षा विषय पर सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का सफल शुभारंभ हुआ । इस आयोजन के लिए देश भर से लगभग 300 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. गोवर्धन लाल शर्मा, उपायुक्त, ग्रेटर जयपुर और प्रोफेसर नीरज गुप्ता, डीन, स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर, राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे ।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, प्रोफेसर डॉ. सत्यजीत चक्रवर्ती और प्रति-कुलपति, प्रोफेसर डॉ. सत्यजीत चक्रवर्ती ने विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन और देश भर से प्रतिभागियों की भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रो-वाइस चांसलर डॉ. सत्यजीत चक्रवर्ती ने शिक्षा में नवाचार के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए और कहा कि शिक्षकों को आधुनिक गतिविधियों



के साथ इन परिवर्तनों की श्रृंखला को आत्मसात करने की आवश्यकता है। उन्होंने उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा प्रदान की जाने वाली परिणाम आधारित शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया।

विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर डॉ बिस्वजय चटर्जी ने शिक्षण से संबंधित विभिन्न अवधारणाओं और शिक्षकों और छात्रों के जीवन में उनके प्रसार पर जोर दिया। डॉ. चटर्जी ने बताया कि विश्वविद्यालय अपने शिक्षकों को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से इस तरह के प्रशिक्षण और कार्यशाला सत्र आयोजित करता है। यह संकाय विकास कार्यक्रम भी एनईपी 2020 के विभिन्न पहलुओं पर शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के सत्रों में से एक है।

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रोफेसर डॉ प्रदीप शर्मा ने कार्यक्रम के सभी गणमान्य व्यक्तियों और मुख्य अतिथि का स्वागत किया और बताया कि समग्र विकास और परिणाम आधारित शिक्षा एनईपी 2020 के दो मुख्य बुनियादी घटक हैं। पाठ्यक्रम में बदलाव और सभी पात्र छात्रों को कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करना राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मुख्य लक्ष्य हैं। डीन प्रोफेसर डॉ. अनिरुद्ध मुखर्जी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया और सभी प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम का पूरा लाभ उठाने को कहा। उन्होंने युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए कुशल कार्यबल प्रदान करने के लिए अधिक उद्योग अकादमिक सहयोग पर जोर दिया। कार्यक्रम का आयोजन मानविकी संकाय के प्रोफेसर डॉ. मुकेश यादव के तत्वावधान में किया गया।

# छाँव सा है पिता

गलतफहमी है के अलाव
सा है पिता
घना वृक्ष है पीपल की छाँव
सा है पिता
लहजा थोड़ा अलग होता है माना
पर प्रेम अंतस में लबालब भरा है
अपने परिवार के खातिर
है मीलों दूर
वो बुरे हालातों से कब डरा है
बच्चे मझधार में हों तो नाँव
सा है पिता
घना वृक्ष है पीपल की छाँव
सा है पिता
माँ की ममता और पिता का साया
ये दो बल हैं जो सम्बल देते हैं
दुआएं,आशीर्वाद,डांट -फटकार
ऐसे आशीष हैं के
किस्मत बदल देते हैं
हर दौर में हाथ थामने
वाला गाँव सा है पिता
घना वृक्ष है पीपल की छाँव
सा है पिता
हैसियत से ऊँचा उठता है
बच्चों के लिए
जंग वक्त से रह -रह कर
लड़ता है
मुसीबतों का पहाड़ भी ग़र टूट पड़े
पिता है मुसीबतों से कहाँ डरता है
मुसीबतें नदी हैं तो
समंदर के ठहराव सा है पिता
घना वृक्ष है पीपल की
छाँव सा है पिता



सिद्धार्थ गोरखपुरी

# आरपीएससी: प्री-लिटिगेशन समिति की बैठक में 7 प्रकरणों का निस्तारण

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान लोक सेवा आयोग में प्री-लिटिगेशन समिति की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। आयोग सदस्य जसवंत सिंह राठी की अध्यक्षता में समिति द्वारा 7 प्रकरणों पर विचार कर निस्तारित किया गया। इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष ध्यान रखा गया। बैठक में आयोग सचिव एवं सदस्य सचिव आशुतोष गुप्ता, विधि परामर्शी भंवर भदाला एवं सहायक सचिव राजेश कुमार मीना उपस्थित रहे।

# जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था ने लगाए परिंडे

**जयपुर (हमारा वतन)** जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था के तत्वावधान में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्टेशन रोड चौमूं परिसर एवं आसपास में चिकित्सा प्रभारी डॉ. नीतू चौधरी के सानिध्य में बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए । इस दौरान डॉ. नीतू चौधरी ने कहा कि गर्मियों में बेजुबान पक्षियों के लिए दाना - पानी की व्यवस्था पुण्य का कार्य है । हम सबको ऐसे कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए ।



संस्था अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने सभी से अपनी छतों पर बेजुबान पक्षियों के लिए पात्र रखकर उसमें नियमित जल डालने का आग्रह किया । चौमू तहसील प्रभारी गजानंद शर्मा ने कहा कि वन्य जीव सेवा परमार्थ का कार्य है । मुकेश यादव ने लगाए गए परिंडे में नियमित जल डालने का संकल्प लिया । इस अवसर पर मुकेश यादव, रवि कुमावत, संगीता चौधरी ,वर्षा कुमावत आदि उपस्थित रहे ।

# अग्निपथ : युवाओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर किया विरोध प्रदर्शन

**जयपुर (हमारा वतन)** चौमूं में युवाओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। युवा नेशनल हाईवे 52 स्थित राधास्वामी बाग चौराहे पर एकजुट हुए और करीब 1 घंटे तक केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अग्निपथ सेना भर्ती योजना रद्द करने की मांग की । सूचना पर चौमूं एसीपी राजेंद्र सिंह निर्वाण व थाना प्रभारी हेमराज मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। युवाओं ने करीब एक किलोमीटर तक पैदल मार्च किया और एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां सेना की नई भर्ती अग्निपथ योजना स्कीम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की और एसडीएम कार्यालय के बाहर टायर जलाकर विरोध किया। एसडीएम सीमा खेतान को युवाओं ने एक मांग पत्र सौंपा और केंद्र सरकार से सेना भर्ती की अग्निपथ योजना को निरस्त करने की मांग रखी। उपस्थित युवाओं ने कहा कि जब तक इस योजना को रद्द नहीं किया जाएगा तब तक देश के युवाओं में आक्रोश जारी रहेगा। आरएलपी के प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव भी युवाओं के साथ इस आक्रोश रैली में शामिल हुए और संबोधित किया। छुट्टन यादव ने कहा कि युवाओं के भविष्य



के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाए। केंद्र सरकार गंभीरता से फैसला ले। युवाओं वाजिब मांग पर कदम उठाना चाहिए। चौमूं निवासी अजय चौधरी ने कहा कि नई स्कीम में भर्ती प्रक्रिया रद्द हो और पुरानी भर्ती प्रक्रिया वापस लागू हो।

## दीवानी प्रकरणों में पैरवी करने के लिए अतिरिक्त महाधिवक्ताओं को विभाग आवंटित

जयपुर(नि.सं.)। राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर पीठ जयपुर के समक्ष प्रस्तुत होने वाले दीवानी प्रकरणों में राज्य सरकार की ओर से पैरवी करने के लिए अतिरिक्त महाधिवक्ताओं को विभाग आंवटित किए गए है। विधि एवं विधिक कार्य विभाग (राजकीय वादकरण) की ओर से जारी आदेश में बताया गया कि अतिरिक्त महाधिवक्ता चिंरजी लाल सैनी को प्राथमिक शिक्षा, आयुर्वेद, तकनीकी शिक्षा, देवस्थान, खेल एवं युवा मामलात, अल्पसंख्यक, वक्फ, सैनिक कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिक विभाग आवंटित किए गए है।




## बिजली बिलों में सब्सिडी देने की मांग:रामलाल बोले- बैंक खाते में सब्सिडी देने से किसानों को नहीं मिल रहा फायदा

**चौमूं(हमारा वतन)।** चौमूं विधायक व भाजपा प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश के किसानों को बिजली बिल पर सब्सिडी स्कीम का फायदा नहीं मिल रहा है। शर्मा ने बैंक में सब्सिडी देने के बजाय बिजली बिलों पर ही सब्सिडी देने की मांग की है। शर्मा ने कहा कि सरकार ने सब्सिडी योजना बंद कर दी थी। जब मुख्यमंत्री को किसानों की याद आई तो योजना फिर शुरू कर दी। भाजपा सरकार ने एग्रीकल्चरल बिलों में हर किसान को 833 रुपए की सब्सिडी दी गई थी। इसे कांग्रेस की सरकार ने बंद कर दिया था। गहलोत सरकार किसानों को बिजली बिल पर 1000 रुपए की सब्सिडी दे रही है। लेकिन इसमें सरकार ने कई बाधाएं लगा दी हैं।

# जॉब्स

1. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी) पद जूनियर इंजीनियर एग्रीकल्चर, पद संख्या 189, अंतिम तिथि 6 जुलाई 2022
2. आईबीपीएस आरआरबी, पद ऑफिस असिस्टेंट व अन्य, पद संख्या 8106, अंतिम तिथि 27 जून 2022
3. असम राइफल्स, पद हवलदार कलर व ट्रेड्समैन, पद संख्या 1380, अंतिम तिथि 20 जुलाई 2022
4. आइटीबीपी, पद हेड कॉन्स्टेबल, पद संख्या 248, अंतिम तिथि 7 जुलाई 2022
5. आइटीबीपी, पद एएसआई स्टेनोग्राफर, पद संख्या 38, अंतिम तिथि 7 जुलाई 2022
6. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी) पद पीटीआई, पद संख्या 5546, अंतिम तिथि 22 जुलाई 2022
7. सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया, पद जूनियर कोर्ट असिस्टेंट, पद संख्या 210, अंतिम तिथि 10 जुलाई 2022
8. एयर ट्रेफिक कंट्रोल,पद जूनियर एग्जीक्यूटिव, पद संख्या 400, अंतिम तिथि 14 जुलाई 2022

## खादी ग्रामोद्योग की स्वरोजगार योजनाओं की दी जानकारी

**जयपुर (हमारा वतन)** कंवरपुरा में जनकल्याण खादी ग्रामोद्योग संस्थान के बैनर तले संस्थान अध्यक्ष गंगाराम परिहार एवं अंबेडकर विकास समिति के मंत्री रामजी लाल वर्मा द्वारा भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा खादी ग्रामोद्योग के माध्यम से स्वरोजगार हेतु अन्य योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने की मुहिम जारी है । इसके तहत ग्राम कंवरपुरा - ईटावा में महिलाओं - पुरुषों को खादी ग्रामोद्योग की कई स्वरोजगार योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई । इस अवसर पर संस्थान के मंत्री पूरणमल, व्यवस्थापक गोकुल जाट, लेखा अधिकारी राहुल कुमार वर्मा,कंवरपुरा सरपंच बजरंग लाल शर्मा व ग्रामीण लोग मौजूद रहे ।






## *Disha Patani:* दिशा पाटनी ने फोटोज' से मचाया बवाल, हॉट अंदाज पर फिदा हुए फैन्स, लुटाया खूब प्यार

बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनीअक्सर अपने बोल्ड अंदाज और फिटनेस को लेकर चर्चा में रहती हैं। दिशा पाटनी के बिकिनी फोटोज और वीडियोज को सोशल मीडिया यूजर्स काफी पसंद करते हैं। वहीं दिशा पाटनी भी अक्सर अपना टोन्ड फिगर सोशल मीडिया पर फ्लॉन्ट करती नजर आती हैं। ऐसे में एक बार फिर से दिशा पाटनी ने सोशल मीडिया पोस्ट किया है, जो देखते ही देखते चर्चा में आ गया है। दिशा के लेटेस्ट बोल्ड फोटोज को फैन्स काफी पसंद कर रहे हैं।



**क्या है दिशा पाटनी का पोस्ट**-दिशा पाटनी ने इंस्टाग्राम पर तीन तस्वीरें शेयर कर रही हैं। दिशा पाटनी ने ये तस्वीरें बाथरूम से शेयर की हैं। दिशा पाटनी की पहली मिरर सेल्फी में वो ब्लैक बिकिनी टॉप में काफी सिजलिंग नजर आ रही हैं। वहीं दूसरे फोटो में दिशा ने रेड बिकिनी टॉप पहना है। इन दोनों ही फोटोज में दिशा काफी हॉट दिख रही हैं। वहीं तीसरी तस्वीर में दिशा ने एक गुलाब पकड़ा हुआ है। दिशा पाटनी के इन फोटोज को फैन्स काफी पसंद कर रहे हैं और कमेंट सेक्शन में उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं।

**दिशा का सुपर हॉट अवतार**-बता दें कि दिशा पाटनी अक्सर अपने बिकिनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैन्स से वाहवाही लूटती हैं। दिशा के बोल्ड अंदाज को फैन्स पसंद करते हैं। वहीं दिशा अपने डांस, जिमिंग और जिमनास्टिक के वीडियोज भी शेयर करती रहती हैं। दिशा फिटनेस फ्रीक हैं और अक्सर अपनी फिटनेस से फैन्स को इंस्पायर करती दिखती हैं। दिशा पाटनी के फोटोज खूब वायरल होते हैं। दिशा पाटनी के इंस्टाग्राम पर 51.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं। दिशा के बोल्ड और बिकिनी फोटोज खूब वायरल होते हैं।

## शिल्पा शेट्टी ने बताया इस एक्टर को अपना क्रश, सुनकर क्या होगा पति राज कुंद्रा का रिएक्शन

शिल्पा शेट्टी जल्द ही फिल्म निकम्मा में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म के जरिए शिल्पा काफी सालों बाद बड़े पर्दे पर नजर आने वाली हैं। वैसे तो शिल्पा ने हंगामा 2 के जरिए 13 साल बाद कमबैक किया था। लेकिन वो फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई थी। इसके साथ ही फिल्म को मिक्स रिस्पॉन्स मिला था। तो अब फिल्म निकम्मा के जरिए शिल्पा अब लंबे समय के बाद बड़े पर्दे पर नजर आएंगी। शिल्पा फिल्म निकम्मा का जोर-शोर से प्रमोशन कर रही हैं। वह खूब शोज और इंटरव्यूज कर रही हैं। अब एक प्रमोशन के दौरान ही शिल्पा ने एक खुलासा कर दिया। दरअसल, शिल्पा ने बताया कि बॉलीवुड का कौनसा एक्टर फिलहाल उनका क्रश है।दरअसल, जूम टीवी को दिए इंटरव्यू के दौरान शिल्पा से रैपिड फायर के दौरान एक सवाल किया गया। उनसे पूछा गया कि वह किस एक्टर पर फिलहाल क्रश कर रही हैं तो शिल्पा ने जल्दी सोचते हुए कार्तिक आर्यन का नाम लिया।वैसे बता दें कि शिल्पा का ये बयान शॉकिंग नहीं है क्योंकि इन दिनों कार्तिक छाए हुए हैं। हाल ही में रिलीज हुई उनकी फिल्म भूल भुलैया 2 हिट साबित हुई है। फिल्म ने अब तक 175 करोड़ कमा लिए हैं और जल्द ही फिल्म 200 करोड़ के करीब पहुंचने वाली है।



शिल्पा की अपकमिंग फिल्म निकम्मा की बात करें तो इसे सब्बीर खान डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म में शिल्पा के साथ अभिमन्यु दसानी और शर्ले सेतिया लीड रोल में हैं। निकम्मा के ट्रेलर और गानों को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है और अब फिल्म 17 जून को थिएटर में रिलीज हुई।

## जान्हवी कपूर के कातिल अंदाज को देख बिछे जा रहे हैं फैन्स, कर रहे 'टाइटैनिक' की केट विंसलेट को याद

जान्हवी कपूर बीती रात एक इवेंट में शामिल हुईं, जहां सितारों से भरी महफिल सजी थी। यहां से निकलते समय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर छाया है जिसमें जान्हवी हद गॉरजस दिख रही हैं और लोगों क फिल्म टाइटैनिक की याद दिला रही हैं। जान्हवी कपूर बीती रात एक इवेंट में शामिल हुईं, जहां फिल्मी सितारों की महफिल जमी थी। जान्हवी इस इवेंट से बाहर निकलते समय पापाराजियों के कैमरे में कैप्चर हुईं। यकीनन जान्हवी बहुत ही गॉरजस और स्टनिंग दिख रही थीं और कईयों को ऐक्ट्रेस के लुक्स ने फिल्म टाइटैनिक की ऐक्ट्रेस केट विंसलेट की याद दिला दी। इस वीडियो में नजर आई एक छोटी सी बच्ची ने भी सबका दिल जीत लिया है। Janhvi Kapoor का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में जान्हवी काफी गॉरजस नजर आ रही हैं। जान्हवी के फैन्स उनका यह अंदाज देखकर सोशल मीडिया पर बिछे जा रहे हैं। जान्हवी के स्टनिंग लुक्स पर लोग फायर इमोजी शेयर कर रहे हैं और उनके इस अंदाज की जमकर तारीफ कर रहे हैं।कुछ फैन्स ने उनके इस लुक की तुलना टाइटैनिक में नजर आई केट विंसलेट से की है। दरअसल केट के गले में उस फिल्म में लगभग ऐसा ही हार नजर आया था ।



# शिक्षा का पर्याय : अजमेर



योगिता जोशी अनुप्रिया (राजस्थान)

जब-जब राजस्थान में शिक्षा का उल्लेख होगा अजमेर के बिना अधूरा ही होगा। राजस्थान में शिक्षा की जब बात होती है तो अजमेर हमेशा पहले पायदान पर होता है। कहने को बहुत छोटा सा शहर है। अरावली पर्वतमाला की तलहटी में बसा यह शहर शताब्दियों से शिक्षा के लिए विख्यात है। 18वीं शताब्दी में अंग्रेजों ने जब भारत में अंग्रेजी शिक्षा की नींव रखी तब आधुनिक शिक्षा पद्धति के स्कूलों की शुरुआत सबसे पहले अजमेर से हुई। उस समय अजमेर केंद्र शासित प्रदेश होने के कारण अंग्रेजों का प्रशासन अजमेर से संचालित होता था। मिशनरी स्कूलों की स्थापना भी सबसे पहले अजमेर में ही की गई थी। तब से लेकर अजमेर में शिक्षा की यात्रा अनवरत जारी है।

अजमेर के मुख्य शिक्षा केंद्रों में राज्य का सबसे बड़ा एवं सबसे प्रतिष्ठित सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय,मेयो कॉलेज, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का रिजल्ट ऑफिस,केंद्रीय विश्वविद्यालय, महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, रीजनल कॉलेज,डेमोंस्ट्रेशन स्कूल, टीटी कॉलेज तथा दयानंद कॉलेज कृषि संकाय सहित कई ऐसे शिक्षण संस्थान हैं जो शिक्षा जगत में अपनी अलग ही पहचान रखते हैं। इनके अलावा राजस्थान लोक सेवा आयोग भी अजमेर में ही स्थापित है जो कि राज्य में राजकीय सेवा परीक्षा के लिए अधिकृत सबसे बड़ी संस्था है।

सन 1956 में राजस्थान में विलय के समय अजमेर राज्य ऐसा पहला राज्य था जहाँ अनिवार्य शिक्षा कानून लागू था। सन1947 में अजमेर में 380 शिक्षण संस्थाएँ संचालित थी, जिनमें एक स्नातक महाविद्यालय,4 इंटर कॉलेज,23 हाई स्कूल,48 मिडिल स्कूल और 307 प्राइमरी स्कूल थी। यह संख्या 1952 तक आते-आते 380 से बढ़कर 688 हो गई थी।

सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय,अजमेर का सबसे पुराना महाविद्यालय है,जिसकी स्थापना बतौर प्राइमरी स्कूल ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा 1836 में की गई थी,1847 में इसको हाई स्कूल में क्रमोन्नत किया गया । 1896 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से संबंध कर महाविद्यालय का दर्जा दिया गया एवं कला स्नातक की शिक्षा शुरू हो गई । 1913 में विज्ञान स्नातक की भी पढ़ाई करवाई जाने लगी ।सन 1946 में स्नातकोत्तर महाविद्यालय घोषित किया गया । 1949 में वाणिज्य स्नातक एवं 1951 में विधि स्नातक की कक्षाएँ शुरू की गई थी। अजमेर का राजस्थान विलय के साथ ही इसे राजस्थान विश्वविद्यालय से जोड़ दिया गया था । बाद में स्वायत्तशासी महाविद्यालय के रूप में मान्यता दी गई। वर्तमान में यह महर्षि दयानंद सरस्वती विद्यालय से संबंध है।

अजमेर में अन्य अग्रणी शिक्षण संस्थानों में डीएवी कॉलेज, डीएवी स्कूल,हरीभाऊ उपाध्याय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान,मिशनरी स्कूल,राजकीय जवाहर स्कूल,सावित्री कन्या विद्यालय,तपोड़ा स्कूल आदि हैं, जो शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं। इनके साथ ही अन्य कई निजी विद्यालय भी स्थापित है जो अजमेर में शिक्षा को नया आयाम दे रहे हैं।

# हेल्दी और टेस्टी टोफू राइस रेसिपी है वीगन्स के लिए पोषण का भंडार

उम्र बढ़ने के साथ आपके पेरेंट्स अपनी सेहत और खानपान को लेकर बहुत कॉन्शियस हो जाते हैं। तो इस फादर्स डे पापा के लिए बनाएं हेल्दी और टेस्टी टोफू राइस। टोफू या सोया पनीर प्रोटीन रिच वीगन फूड हैं। टोफू पनीर की तरह दिखता है, जो स्वाद में भी पनीर जैसा ही होता है। जो लोग दूध और अंडा खाने से परहेज करते हैं, उनके लिए टोफू सबसे अच्छा विकल्प है। इसका सेवन नॉनवेज के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। यदि आप अपने पापा की हेल्थ को लेकर कॉन्शियस हैं और उन्हें हर प्रकार की हेल्थ प्रॉब्लम से दूर रखना चाहती हैं, तो उनकी डाइट में टोफू शामिल करें। आप भी अगर इस फादर्स डे पर पापा के लिए कुछ स्पेशल बनाना चाहती हैं, तो आपके लिए है टोफू राइस रेसिपी ।

**सेहत के लिए फायदेमंद है टोफू** -पोषक तत्वों से भरपूर टोफू में प्रोटीन, अमीनो एसिड और आइसोफ्लेवोनीस मौजूद होते हैं। इसमें जिंक, आयरन, पौटेशियम और कई विटामिन भी मौजूद होते हैं।

**1 प्रोटीन रिच फूड टोफू हड्डियों को मजबूत करता है**-टोफू पोषक तत्वों का खजाना माना जाता है। इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, जिंक, आयरन, सेलेनियम, एंटीऑक्सीडेंट जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों के अलावा, अलग-अलग विटामिंस और मिनरल्स भी मौजूद होते हैं। 100 ग्राम टोफू में लगभग 10 ग्राम प्रोटीन होता है, तो वहीं इसमें 40-44 कैलोरी तक एनर्जी प्राप्त होती है, जो बॉडी की प्रोटीन की जरूरत को पूरा करता है।

यह हड्डियों को हेल्दी और स्ट्रॉन्ग बनाता है। इसमें कैल्शियम की मात्रा अधिक होती है, इसलिए यह बच्चों और महिलाओं की हेल्थ के लिए भी जरूरी होता है। प्रेग्नेंट महिलाओं और बुजुर्गों के लिए भी टोफू फायदेमंद है।


**2 उम्र का असर कम करता है**-टोफू में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है, जिससे शरीर में पैदा होने वाले फ्री रेडिकल्स नष्ट हो जाते हैं। चेहरे पर बढ़ती उम्र का असर कम करने में मदद करता है।




## फिर उठा बायो बबल ब्रीच विवाद

### टिम पेन ने भारतीय क्रिकेटर्स को स्वार्थी कहा, बोले- उन 4-5 लोगों ने सीरीज को खतरे में डाल दिया था

**मेलबर्न ।** पिछले साल की बॉर्डर गावासकर श्रृंखला के दौरान हुआ बायो बबल ब्रीज एक बार फिर चर्चा में है। कारण, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन का बयान, जो 37 साल के इस क्रिकेटर ने दिया है।टिम ने बायो बबल ब्रीज मामले में भारतीय क्रिकेटर्स की आलोचना करते हुए उन्हें स्वार्थी करार दिया है। पेन ने कहा कि उन 4-5 लोगों ने तो पूरी सीरीज को ही खतरे में डाल दिया था। क्यों...नंदू की बाउल के लिए, चिप्स या वे जहां भी गए, यह मुझे बहुत स्वार्थी लगा।



**पहले भी हुई थी बयानबाजी, बचाव में आए थे रहाणे**-तब टीम के कप्तान पैट कमिंग ने भी कहा था- इस घटना ने उनके कुछ स्टार्स को नाराज कर दिया, क्योंकि वे अपने परिवार से दूर क्रिसमस बिता रहे थे। यह सुनने के लिए कि दूसरी टीम नियमों का उल्लंघन कर रही थी और इसे गंभीरता से नहीं ले रही थी, उस दौरे पर वहां जाने के लिए काफी त्याग करना पड़ा। हालांकि, तब भारतीय कप्तान अजिंक्या रहाणे ने अपने खिलाड़ियों का बचाव करते हुए कहा था कि यह खबर झूठी थी और भारतीय खिलाड़ी केवल अपने टेकअवे ऑर्डर का इंतजार कर रहे थे। रहाणे के कहा कि तस्वीरों में दिखाई देने वाले खिलाड़ी वास्तव में अपने टेकअवे ऑर्डर का इंतजार कर रहे थे। खराब मौसम के कारण उन्हें अंदर इंतजार करना पड़ा। खबरों में जो खबर छपी वह वाकई गलत थी।

**यह है पूरा मामला**-2020-21 में भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान एक फैन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया था। जिसमें रोहित शर्मा, ऋषभ पंत, शुभमन गिल, पृथ्वी शॉ और नवदीप सैनी को मेलबर्न के एक रेस्तरां के अंदर खाना खाते हुए देखे जाने का दावा किया गया था। वीडियो वायरल होने के बाद इन खिलाड़ियों पर बायो-बबल ब्रीच का आरोप भी लगा था। पहले तो वीडियो शूट करने वाले फैन ने दावा किया कि उसने खिलाड़ियों के बिल का भुगतान कर दिया है और उनमें से एक को गले भी लगाया। हालांकि, वह उस बयान से पीछे हट गया और कहा कि भारतीय क्रिकेटरों ने अपनी दूरी बनाए रखी थी।

## हर्षल पटेल ने अपनाया ये तरीका, कहा- मैं तूफानी गति से नहीं फेंक सकता इसलिए वैरिएशन लानी पड़ी

**नई दिल्ली ।** भारतीय तेज गेंदबाज हर्षल पटेल के पास उमरान मलिक जैसी गति नहीं है और उनका मानना है कि अपने अतरराष्ट्रीय करियर को लंबा खींचने के लिए उन्हें अपने खेल की 'विविधता' को लगातार विकसित करना होगा। पिछले साल नवंबर में टी20 विश्व कप के बाद भारत की ओर से पदार्पण करने वाले हर्षल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में छह महीने से अधिक समय में 11 मैच में 19.52 की औसत से 17 विकेट चटकाए हैं।धीमी गति की पिचें हर्षल की गेंदबाजी शैली के अधिक अनुकूल हैं और ऐसा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले दो मुकाबलों में जाहिर हुआ, जबकि पहले मैच में फिरोजशाह कोटला पर वह काफी महंगे साबित हुए थे।हर्षल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी20 की पूर्व संध्या पर कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो पिछले दो साल से (आईपीएल में) लोग यह समझने का प्रयास कर रहे हैं कि मैं कैसी गेंदबाजी करने की कोशिश कर रहा हूं।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# 2 साल से इंतजार कर रहे युवाओं के लिए वाकई आग का रास्ता है अग्निपथ

भारतीय सेना में भर्ती का तरीका हमेशा के लिए बदल गया है। मंगलवार को सरकार ने ऐलान किया कि अभी इंडियन आर्मी, नेवी और एयरफोर्स में सभी भर्तियां (ऑफिसर रैंक को छोड़कर) अग्निपथ स्कीम के तहत होंगी और जो भर्ती होंगे उन्हें अग्निवीर कहा जाएगा। ये भर्तियां चार साल के लिए होंगी और फिर चार साल बाद सब घर वापस जाएंगे।


राम गोपाल सैनी

इनमें से अधिकतम 25 पर्सेंट को ही परमानेंट होने का विकल्प मिलेगा।चार साल की नौकरी को लेकर तो सवाल उठ ही रहे हैं लेकिन उससे भी बड़ा सवाल यह है कि जो युवा सेना में भर्ती के लिए दो साल से इंतजार कर रहे थे उनके बारे में सरकार ने क्यों नहीं सोचा। दो साल से सेना में भर्ती बंद है। संसद में भी यह सवाल कई बार उठा। सरकार की तरफ से जवाब दिया गया कि कोविड प्रतिबंधों की वजह से भर्ती नहीं हो पाई। दूसरी तरफ राजनीतिक रैलियां होती रही, विधानसभा चुनाव भी हो गए, लेकिन बस भर्ती नहीं हुई। भर्ती के इंतजार में जो युवा ओवरऐज हो गए उनके लिए सेना में जाने का रास्ता अब बंद हो गया है। वे युवा जो कई सालों से मेहनत कर खुद को फिजिकली फिट कर रहे थे ताकि भारतीय सेना का हिस्सा बन सकें, लेकिन अग्निपथ स्कीम में उनके लिए कोई जगह नहीं है क्योंकि वह भर्ती के इंतजार में 21 साल से ज्यादा के हो गए हैं। उम्मीद की जा रही थी कि सरकार उम्र में कुछ छूट दे सकती है लेकिन जब अग्निपथ स्कीम का ऐलान किया गया तो साफ कर दिया गया कि यह स्कीम साढ़े सत्रह से 23 साल की उम्र के युवाओं के लिए है। सिर्फ ऐसे युवा ही नहीं हैं जो दो साल से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे युवा भी हैं जिन्होंने आर्मी में भर्ती के लिए मेडिकल और फिजिकल टेस्ट पास कर लिया था। वह एग्जाम का इंतजार कर रहे थे। लगातार तैयारी कर रहे थे कि एग्जाम होगा और वह भारतीय सेना का हिस्सा बन सकेंगे। अब जब अग्निपथ स्कीम लाई गई है तो पुरानी सारी प्रक्रिया को निरस्त मान लिया गया है। यानी जो युवा मेडिकल और फिजिकल टेस्ट में पास हो गए थे वह अब फिर नए सिरे से अग्निपथ के लिए अप्लाई करेंगे और सिलेक्ट हुए तो अग्निवीर बनेंगे, वह भी चार साल के लिए। यह भी वह तब कर सकेंगे जब वह ओवरऐज नहीं हुए होंगे। ऐसे युवा भी बढ़ी संख्या में हैं जो जिन्होंने एयरफोर्स में एयरमैन बनने के लिए एग्जाम दिया था और करीब एक साल से वह रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं।

## कांग्रेस सांसदों के साथ दिल्ली पुलिस के रवैये पर कांग्रेस डेलिगेशन आज करेगा राष्ट्रपति से मुलाकात

नई दिल्ली(एजेंसी)। कांग्रेस मुख्यालय में राहुल गांधी से ईडी की पूछताछ के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस का एक डेलिगेशन आज शाम पांच बजे राष्ट्रपति से मुलाकात करेगा और साथ ही एक नोटिस भी सौंपेगा, जिसमें पुलिस द्वारा सांसदों के साथ हुई बदसलुखी को संज्ञान में लाया जाएगा। इससे पहले दिल्ली पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस के सांसदों ने राज्यसभा के चेयरमैन को लिखित शिकायत भी कर चुके हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा था, पुलिस



ने सांसदों के साथ मारपीट की। दोनों सदनों के सांसदों के साथ शोषण किया गया, इन नेताओं को हरियाणा के बॉर्डर पर ले जाकर छोड़ दिया गया। दरअसल राहुल गांधी से ईडी ने तीन दिन पूछताछ की। ईडी अभी तक राहुल गांधी से तकरीबन 30 घंटे की पूछताछ कर चुकी है एक बार फिर राहुल गांधी को बुलाया जाएगा। इसी पूछताछ के विरोध में कांग्रेस के तमाम नेता सड़कों पर उतरे हुए हैं और जमकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-




# आकाश कॉन्वेंट स्कूल में हुआ मेधावी स्टूडेंट्स का भव्य सम्मान

**चौमूं (हमारा वतन)** चौमूं शहर के सामोद रोड, बाईपास पुलिया के पास स्थित आकाश कॉन्वेंट स्कूल में आज बोर्ड परीक्षाओं में बाजी मारने वाले स्टूडेंट्स का भव्य स्वागत सम्मान किया गया । सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई ।मुख्य अतिथि अभिभावक गोपाल लाल यादव ,मुकेश कुमार यादव, सुरेश कुमार जाट रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल निदेशक मामराज चौधरी और प्रिंसिपल संगीता दिनोदिया नेकी । आए हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया । सम्मान समारोह में दसवीं बोर्ड परीक्षा में स्कूल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर कृष्णा यादव पुत्र मुकेश कुमार यादव, द्वितीय स्थान हिना यादव पुत्री गोपाल लाल यादव, तृतीय स्थान सोनू जाट पुत्र सुरेश कुमार जाट का माला, साफा पहनाकर , गुलाल लगाकर प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया ।टॉपर विद्यार्थियों ने कहा कि स्कूल टीचर्स द्वारा हमें पढ़ने के लिए प्रेरित किया और पेरेंट्स द्वारा भी हमें पूर्ण सहयोग मिला, जिसके कारण आज हम इस पोजीशन पर खड़े हैं । आगे बढ़कर डॉक्टर, आईएएस और सॉफ्टवेयर इंजिनीयर बनना चाहते हैं । समारोह में पधारे अभिभावकों ने कहा कि स्कूल का अनुशासन और शिक्षा के प्रति जुनून ही ऐसे मुकाम हासिल करवाता है । स्कूल ने बच्चों में पढ़ने की ललक जगाई है । जो काबिले तारीफ है । सम्मान करने से बच्चों का हौसला बढ़ता है । स्कूल डायरेक्टर मामराज चौधरी ने कहा कि हमारी स्कूल में पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है । स्टूडेंट्स को कोई भी प्रॉब्लम आती है तो 24 घंटे उसका सहयोग करने को तत्पर रहते हैं । यह हमारा पहला ही बोर्ड का रिजल्ट था जिसमे बच्चों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए हैं । अगले सत्र में इससे भी बढ़िया रिजल्ट देने का प्रयास किया जाएगा ।टीचर और पेरेंट्स को सहयोग करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

**आठवीं बोर्ड में इनका हुआ सम्मान**

अंकित यादव, अर्जुन पाराशर, मोहित यादव ,शगुन चौधरी, तनु यादव, मुस्कान चौधरी, विकास चौधरी, दृष्टि यादव, गौरव यादव ।

**पांचवीं बोर्ड में इनका हुआ सम्मान**

अजय यादव, अवनी चौधरी, भानु प्रताप, चेशना शर्मा, चिराग सैनी, कनिष्का जांगिड़, लोकेश चौधरी, रौनक मीणा, सौम्य बजाज, सोनिका सैनी, तरुण सैनी, वामिका मीणा, वंश चौधरी, आयुष बराला, ईशिका सैनी, महिपाल, नवीन सैनी, रोहित मीणा, संयम सैनी, तनिश यादव, उमंग सैनी, यश तंवर, अगस्त्य सामरिया, तनिष रेवाड़, शिवम चौधरी, यदुवीर यादव, दिव्यांश सैनी, सुमित सैनी, वर्षा नाथावत, अर्णव कुमावत ।

इस दौरान स्कूल स्टाफ राहुल जांगिड़, सुधांशु जांगिड़, अशोक कुमार, सतीश कुमार, प्रकाश शेरावत, सीतू, प्रीति गुप्ता, वंदना शर्मा, हेमलता सोनी, सविता वर्मा, सावित्री चौधरी, कृतिका स्वामी, किरण यादव, कविता, जितेंद्र सिंह, सचिन चौधरी, संजय सैनी, मधुबाला जांगिड़ का भी सम्मान किया गया।समारोह के अंत में सभी को अल्पाहार प्रदान किया गया । मंच का प्रभावी संचालन पंकज मिश्रा ने किया ।

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में आकस्मिक ग्रेनेड विस्फोट में सैनिक की मौत

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शुक्रवार को आकस्मिक ग्रेनेड विस्फोट में एक जवान शहीद हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ग्रेनेड दुर्घटनावश उस समय फट गया जब सिग्नलमैन भरत यदुवंशी कुपवाड़ा के गोनीपोरा गुग्टियाल कैंप में ड्यूटी पर थे।

## ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित हुआ राष्ट्रव्यापी स्वैच्छिक रक्तदान

**जयपुर (हमारा वतन)** ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर एसोसिएशन के तत्वाधान में चौमूं मोबाइल एसोसिएशन के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान का आयोजन किया गया। चौमूं मोबाइल एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित सैनी के तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान आयोजित हुआ । ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर एसोसिएशन के पूर्व महासचिव भावेश सोलंकी की स्मृति में यह आयोजन किया गया ।




इसी प्रकार चौमूं मोबाइल एसोसिएशन ने भी इस पुनीत कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें 50 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ । कार्यकम में उपाध्यक्ष विवेक शर्मा, सचिव विनोद शर्मा,अविनाश सांखला, महेंद्र चौधरी ,रामसिंह, सुरेंद्र मीणा ,वाशु पंचोली ,महेश वर्मा ,अर्जुन यादव, आसिफ खान, अविनाश सहित चौमूं , जैतपुरा रामपुरा, गोविंदगढ़, कालाडेरा के सैकड़ों मोबाईल रिटेलर मौजूद रहे ।

## विराज फाउंडेशन ने किया अदिति एवं कुणाल का सम्मान

जयपुर (हमारा वतन) विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में मां नव दुर्गा शक्तिपीठ मंदिर, जयपुर रोड, चौमूँ पर प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी एवं पदाधिकारियों ने कक्षा 10 वीं में अदिती शर्मा को 98 प्रतिशत अंक एवं कुणाल शर्मा को 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर माला, साफा एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया ।इस दौरान अदिति और कुणाल ने कक्षा दसवीं में अच्छे अंक प्राप्त करने का श्रेय गुरुजनों एंव माता-पिता को दिया। इस दौरान संरक्षक कृपा शंकर शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएम सैनी, प्रदेशाध्यक्ष (विधि प्रकोष्ठ) संजय प्रधान, प्रदेश महामंत्री अजीत शेखावत, प्रदेशाध्यक्ष (आयुष प्रकोष्ठ) डॉ रामप्रकाश शर्मा, प्रदेश प्रचार प्रसार मंत्री चंद्रप्रकाश शर्मा, जिला संगठन मंत्री पं राम स्वरुप शर्मा, जिलाध्यक्ष (व्यापार प्रकोष्ठ) नारायण शर्मा, जिला महामंत्री रामलाल शेरावत, चौमूँ नगर अध्यक्ष डॉ सीताराम कुमावत, पूर्व सरपंच दिनेश चतुर्वेदी, कैलाश तिवाडी, एडवोकेट मनुवत्सल भारद्वाज, एडवोकेट पुष्पमित्र भारद्वाज, एडवोकेट दुर्गा शंकर शर्मा, छात्र नेता अनुराग शर्मा, बजरंग लाल शर्मा, घनश्याम तिवाडी, नरोत्तम जोशी आदि लोग उपस्थित रहे।






RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा